# दयानन्द वैदिक कालेज, उरई (जालौन) उ0प्र0, 285001

(सम्बद्ध : बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी, उ0प्र0)

**NAAC ACCREDITED "B" GRADE WITH CGPA 2.61**

फोन नं0 : 05162-252214 ई-मेल : dvcoffice11@gmail.com


## भाषण प्रतियोगिता हेतु आवश्यक सूचना

दिनांक – 02.04.2025

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी के पत्र पत्रांक बु0वि0/2025/आर0कैम्प/5064 दिनांक 02.04.2025 के क्रम में महाविद्यालय के समस्त अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि भारत रत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी के जन्म दिवस (14 अप्रैल 2025) के अवसर पर महाविद्यालय के अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र/छात्राओं हेतु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 07.04.2025 को माध्यन्ह् 12:00 बजे से बगिया परिसर स्थित सेमिनॉर हॉल में किया जा रहा है।

प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर दिनांक 09.04.2025 को प्रतिस्पर्धा आयोजित की जायेगी।

विभिन्न विश्वविद्यालयों के मध्य प्रतिस्पर्धा के आधार पर विजेता (प्रथम एवं द्वितीय) प्रतिभागियों को राजभवन लखनऊ में दिनांक 14.04.2025 को माननीय कुलाधिपति/श्री राज्यपाल की अध्यक्षता में राजभवन में प्रतियोगिता सम्पन्न करायी जायेगी तथा विजेता प्रतिभागियों को माननीया कुलाधिपति/श्री राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत भी किया जायेगा।

उक्त भाषण प्रतियोगिता में सम्मिलित होने हेतु 'अनुसूचित जाति वर्ग' के इच्छुक छात्र/छात्रायें महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में डॉ0 माधुरी रावत जी से सम्पर्क कर अपना नाम अंकित कराना सुनिश्चित करें।

**भाषण प्रतियोगिता के विषय निम्नलिखित हैं–**

**01. विकसित भारत की संकल्पना।**

**02. प्रदेश के भौगोलिक व सामाजिक आधार पर विद्यमान आर्थिक एवं सामाजिक दूरी पर प्रौद्योगिकी का प्रभाव? लाभ, हानि व उपाय**

**03. नये प्रौद्योगिकी युग में भारत के संविधान में सुधार किसी सीमा तक?**

**04. भारत रत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर, भारत का संविधान एवं अमृतकाल में विकसित भारत, सामंजस्य का मार्ग?**

02/04/25

(डॉ0 माधुरी रावत)
संयोजक, समारोह समिति
दयानन्द वैदिक कालेज, उरई

2/4/25

प्रो0 (डॉ0) राजेश चन्द्र पाण्डेय
प्राचार्य
दयानन्द वैदिक कालेज, उरई

प्राचार्य
दयानन्द वैदिक कालेज, उरई
जिला–जालौन (उ0प्र)28500

## बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी

पत्रांक : बु0वि0/2025/ आर. कैम्प/5064 दिनांक : 02/04/2025

**अति–महत्वपूर्ण/समयबद्ध/शीघ्र प्राथमिकता**

सेवा मे,

प्रबंधक / प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी।

विषय : भारत रत्न डा0 भीमराव अम्बेडकर जी के जन्म दिवस (14 अप्रैल 2025) के अवसर पर राजभवन, लखनऊ मे विश्वविद्यालयों / संस्थानों एवं उनसे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में अनुसूचित जाति के सफल छात्र / छात्राओं के मध्य भाषण प्रतियोगिता के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में निर्देशानुसार अवगत कराना है कि राजभवन के पत्र संख्या 2023 / 32–जी0एस0 / 2025 दिनांक 01 / 04 / 2025 द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों मे भाषण प्रतियोगिता प्रतियोगिता आयोजित करायी जानी है।भाषण प्रतियोगिता जिसके विषय निम्नवत् होगें :–

1. विकसित भारत की संकल्पना।
2. प्रदेश के भौगोलिक व सामाजिक आधार पर विद्यमान आर्थिक एवं सामाजिक दूरी पर प्रौद्योगिकी का प्रभाव? लाभ, हानि व उपाय।
3. नये प्रौद्योगिकी युग मे भारत के संविधान मे सुधार किसी सीमा तक?
4. भारत रत्न डा0. भीमराव आंबेडकर, भारत का संविधान एवं अमृतकाल में विकसित भारत, सामंजस्य का मार्ग?

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के स्तर पर दिनांक 07 / 04 / 205 तक प्रतिस्पर्धा आयोजित कर प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त विजेता प्रतिभागी का चयन किया जायेगा। इसके पश्चात उन विजेताओं की विश्वविद्यालय स्तर पर दिनांक 09 / 04 / 2025 को प्रतिस्पर्धा आयोजित की जायेगी। तृतीय चरण कानपुर विश्वविद्यालय में सम्पन्न होगा (स्थान एवं तिथि की सूचना पृथक से दी जायेगी)। विभिन्न विश्वविद्यालयों के मध्य प्रतिस्पर्धा के आधार पर विजेता (प्रथम व द्वितीय) प्रतिभागियों को राजभवन में दिनांक 14 / 04 / 2025 को माननीया कुलाधिपति / श्री राज्यपाल की अध्यक्षता में राजभवन में प्रतियोगिता सम्पन्न करायी जायेगी तथा विजेता प्रतिभागियों को माननीया कुलाधिपति / श्री राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि महाविद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्र / छात्राओ को सम्मिलित कराते हुये निर्धारित तिथि दिनांक 07 / 04 / 2025 तक उपरोक्तानुसार प्रतियोगिता / प्रतिस्पर्धा आयोजित कर सूचना whatsapp नं0–9415661811 पर निम्न प्रारूप में विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें :–

| शीर्षक | प्रतिभागियों की संख्या | विजेता (प्रथम व द्वितीय) प्रतिभागियों के नाम व अन्य विवरण |
|---|---|---|
| | | |

भवदीय

कुलसचिव
2/4/25

प्रतिलिपि :–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सम्बन्धित कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना को आवश्यक सहयोग हेतु प्रेषित।
2. प्रो0 मुन्ना तिवारी, हिन्दी विभाग, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी।
3. डा0 दीपक तोमर सिस्टम एनालिस्ट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त पत्र सभी महाविद्यालयों की कालेज लाग इन पर अपलोड करने करें।
4. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
5. कुलसचिव के आशुलिपिक।

कुलसचिव